दैनिक भास्कर

कैथल भास्कर 02-05-2023

कैथल

उचित खानपान की तरफ ध्यान न देने से एनीमिया जैसी बीमारी हो रही है: डॉ. महेश

कन्या महाविद्यालय पूंडरी में स्वास्थ्य कैंप लगा 64 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई

भास्कर न्यूज़ | पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में महिला सैल व एनएसएस तरफ से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य एवं सफाई से जुड़े पहलुओं पर जागरूक कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशी किरण ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. महेश पीएमओ सीएचसी पूंडरी व परमिंदर कौर डीएवी कॉलेज पूंडरी ने भाग लिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्राओं के लिए जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की 64 छात्राओं के स्वास्थ्य जांच करते हुए ब्लड व एचआईवी की जांच की गई। जिसमें 6 छात्राओं में खून की कमी पाई गई। इनमें 8 से 10 ग्राम तक खून मिला। मुख्यातिथि डा. महेश ने छात्राओं को एनीमिया से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि हरी सब्जियों, अनार, चुकंदर, गाजर, मौसमी फल व दूध, पनीर, दही का भरपूर मात्रा में खाने में प्रयोग करें। डॉ. अनूप कौशिक द्वारा छात्राओं को एचआईवी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बचाव व सावधानी ही इसका उपाय है। प्रिंसिपल डॉ. शशी किरण ने छात्राओं को साफ-सफाई जैसे खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से साफ करना, नाखून काटना, दांतों की सफाई रखना व खानपान का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला की संयोजिका किरणजोत एवं डॉ. वंदना रही। परमिंदर कौर ने छात्राओं में खानपान का उचित ध्यान न देने की वजह से होने वाली एनीमिया जैसी बीमारी से बचने के लिए सुझाव और उचित परामर्श दिया। मौके पर डॉ. वंदना, डॉ. मीनू सिंगल, डॉ. गीता जायसवाल, किरणजोत, प्रवीण चौधरी, डॉ. मीनू खुरानिया, सुशीला, डॉ. रिना गोरा, डॉ. पुष्पा, सीता, माही, ललिता, सुमित कुमार, स्वास्थ्य विभाग से सतबीर गोपेरा व आरती लैब टेकनीशियन भी मौजूद रही।

पूंडरी | चौधरी कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला में जानकारी देते डॉ. महेश।

TABLE NO. 6

7:45 4G 52

You on 01/05/23, 10:07 AM All Media